Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advrtising**
Plot no,516. sector-12 friends co-operative society vasundhara ghaziabad
**Mo. 8130640000**

Year-14 issue- 13
RNI.NoUPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473


22 august to 28 august 2022
Postal Registration No.UP/GZB- 80/2016-18
Mo.9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

**Page 03** दलितों को उनके अधिकार



**Page 07** गणेश चतुर्थी की तैयारियां तेज ...



**Page 08** चौथे शिविर में लोगों ने...



# रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने 450 लोगों को लगाई बूस्टर डोज


## स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लोगों को बूस्टर डोज के लिए किया जागरूक







### लोगों में फैल रही जागरूकता



कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लेने के बाद लोगों में बूस्टर डोज की जागरूकता कम हो गई थी। लेकिन जगह-जगह शिविर लगने से लोग बूस्टर डोज लगवाने के लिए आ रहे हैं। इसके साथ ही इससे वैक्सीन लगवाने के लिए भी लोग बढ़चढ़ कर आ रहे हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द ही लोगों को शत प्रतिशत बूस्टर डोज लग जाएगी। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी के कार्य बेहद सराहनीय हैं। इन दोनों संस्थाओं का स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग मिल रहा है।

*- डॉ भवतोष शंखधर, सीएमओ गाजियाबाद*

### दूसरी संस्थाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन राष्ट्र को समर्पित हैं। रोटरी क्लब ने कोरोना महामारी के बीच वैक्सीनेशन अभियान में भी मुख्य भूमिका निभाई थी। दोनों संस्थाओं की जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी। अन्य संस्था और एनजीओ को भी इसी तरह अभियान में सहयोग करना चाहिए। आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी के कार्य बेहद सराहनीय हैं। इन दोनों संस्थाओं को लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

*- डॉ भवतोष शंखधर, सीएमओ गाजियाबाद*

### कोरोना का खतरा होगा कम



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से बूस्टर डोज के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में लोगों को निशुल्क वैक्सीन का लाभ मिल रहा है। लोगों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आए और बूस्टर डोज लगवाकर कोरोना संक्रमण से खुद और अन्य लोगों का बचाव करने में सहयोग करें।

*- रो मनीषा भार्गव, अध्यक्ष*
*रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर*

**गाजियाबाद न्यूज।** औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के ऑफिस में बूस्टर डोज के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में 450 से अधिक लोगों को बूस्टर डोज लगाई। साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी व प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ आदित्य सिसोदिया और साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से शिविर की शुरुआत की। डॉ आदित्य सिसोदिया ने कहा कि रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से शिविर में बूस्टर डोज निशुल्क लगाई जा रही है।

दोनों संस्थाएं लंबे समय कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग कर रही हैं। इनकी जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव ने कहा कि पिछले कई दिनों से दिल्ली-एनसीआर में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हैं। इसलिए जिन लोगों ने वैक्सीन की दोनों डोज ले ली हैं वह बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं। इससे कोरोना संक्रमण को हराया जा सकता है। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव ने कहा शिविर में बूस्टर डोज निशुल्क लगाई जा रही है। इसलिए जो लोग वैक्सीनेट हैं वह आकर बूस्टर डोज जरूर लगवाएं और कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में अपना सहयोग करें।

## TIRUPATIEYE

### डीयू में एडमिशन के लिए 31 तक तैयार करें दस्तावेज

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने कहा है कि वह जल्द ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करेगा. विश्वविद्यालय ने आवेदन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थियों को 31 अगस्त तक अपने दस्तावेज और प्रमाणपत्र तैयार करने के लिए कहा है. खास बात यह है कि दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और यह परीक्षा कई जगह स्थगित कर दी गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार CUET UG 2022 फेज 5 की परीक्षा 21 अगस्त, 2022 से शुरू हुई और 23 अगस्त, 2022 को समाप्त हो गई. सीयूईटी फेज 5 में 2.01 लाख उम्मीदवारों को शामिल होना है. इसके लिए एडमिट कार्ड जारी किया जा चुका है. वहीं CUET ने फेज 5 के लिए आधिकारिक नोटिस में लिखा है, "विषय संयोजन, माध्यम, प्रश्न पत्र, आदि (यदि कोई हो) के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायतें हैं तो उम्मीदवार cuetgrievance@nta.ac.in पर भेज सकते हैं. उम्मीदवार अपनी शिकायत भेजते समय अपने आवेदन संख्या का उल्लेख जरूर करें. शिकायतों का समाधान किया जाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो ऐसे उम्मीदवारों के लिए परीक्षा भी फेज 6 के दौरान आयोजित की जाएगी।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**Bureau Cheif**
12/516, Friends Co-operative Society Vasundhara, Ghaziabad (UP)
Mobile + 91 8130640011
Email : prateekb@tbcgzb.com
www.tbcgzb.com
**Contact for Press Release and Advertisements**

# प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत के लिए भाजपा का रोड मैप तैयार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कहा कि 2024 चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का रोड मैप तैयार हो चुका है। इसमें उत्तर प्रदेश की अहम भूमिका होगी। पार्टी ने प्रदेश में सभी सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।



बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2024 में पार्टी प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करेगी। उसी दिशा में पार्टी को आगे बढ़ाना है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री रहे सुनील बंसल को विदाई दी गई और नए संगठन महामंत्री धर्मपाल का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी मजबूत है, लेकिन यूपी में सबसे ज्यादा मजबूत है। पार्टी कार्यकर्ताओं को इसे और आगे लेकर जाना है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2022 यूपी चुनाव में कैसी साजिश हुई सभी जानते हैं। अब 2024 के चुनाव में उससे भी बड़ी साजिश हो सकती है, इसलिए भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सतर्क रहें और लगातार पार्टी के लिए काम करते रहें। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में फंसे 'आप' के मंत्री भारतीय जनता पार्टी पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। जांच एजेंसियां अपना काम निष्पक्षता के साथ कर रही हैं।

# गाजियाबाद में इंदौर की तर्ज पर बनेंगे ट्रांसफर स्टेशन

**गाजियाबाद।** शहर की सड़कों किनारे अब कचरा नहीं दिखेगा। नगर निगम इंदौर की तर्ज पर पांचों जोन में पीपीपी मॉडल पर 300 मीट्रिक टन क्षमता का अत्याधुनिक मशीनों वाला ट्रांसफर स्टेशन बनाएगा। यह ट्रांसफर स्टेशन ऐसे होंगे कि इनमें भी कचरा सामने नहीं दिखाई देगा। कूड़ा या तो कांपैक्टिंग मशीनों में डाला जाएगा या फिर अंडरग्राउंड बनने वाले टैंक में डाला जाएगा। यहां से चारों ओर से बंद कैप्सूल वाहनों में डालकर इसे निस्तारण केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। बीते दिनों नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार को कूड़ा निस्तारण की तकनीक को देखने और समझने इंदौर नगर निगम भेजा था। दो दिन तक उन्होंने वहां रहकर कचरा निस्तारण की मशीनों और तकनीक की जानकारी ली। नगरायुक्त ने बताया कि उसी आधुनिक तकनीक को अब गाजियाबाद में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वसुंधरा, मोहननगर, कविनगर, सिटी जोन और विजयनगर जोन में एक-एक कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाएगा। घरों से कूड़ा कलेक्ट करके लाने वाले छोटे वाहन यहां कचरा लाकर डाल देंगे। इसे मशीनों के जरिए दबाकर कांपेक्ट किया जाएगा और फिर गाड़ियों में भरकर निस्तारण केंद्र पर लगे प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण पर करीब 5 से 7 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस खर्च को जोन में सफाई व्यवस्था संभाल रही प्राइवेट कंपनियां वहन करेंगी। यह ट्रांसफर स्टेशन जनवरी तक बनकर तैयार हो जाएंगे। गणतंत्र दिवस पर इनका शुभारंभ किया जाएगा। ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए नगर निगम ने जीडीए से 8 हजार वर्ग मीटर जमीन की मांग की थी। इसके लिए बीते दिनों जीडीए वीसी राकेश कुमार सिंह और नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर की बैठक हुई थी। इस पर सहमति देकर अब जीडीए ने दो टुकड़ों में 8 हजार वर्ग मीटर जमीन निगम को देने के लिए पत्र जारी कर दिया है। इस पर बनने वाले ट्रांसफर स्टेशन पर मधुबन-बापूधाम, गोविंदपुरम के साथ-साथ पूरे कविनगर जोन का कचरा भेजा जाएगा।

# कूड़े से बनने वाली सीएनजी से दौड़ेंगी निगम की गाड़ियां

**गाजियाबाद।** नगर निगम गीले कचरे से बायो सीएनजी बनाने के लिए प्राइवेट कंपनी के साथ मिलकर प्लांट लगाएगा। इस प्लांट में रोजाना 300 टन कचरे का निस्तारण कर 10 मीट्रिक टन सीएनजी का उत्पादन किया जाएगा। इसी सीएनजी से निगम के वाहन दौड़ेंगे। नगर आयुक्त का कहना है कि क्रॉसिंग रिपब्लिक के पीछे निगम की जमीन पर यह प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) जारी कर प्राइवेट कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। 3 सितंबर तक कंपनियां इसके लिए आवेदन कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि जो भी कंपनी इस प्लांट को लगाएगी, वह बाजार रेट से 5 रुपये प्रति किलो कम दर पर सीएनजी नगर निगम को देगी। इस गैस को निगम अपने वाहनों में इस्तेमाल करेगा।

# मेट्रो विस्तार की मांग को लेकर निकाली पद यात्रा, मोहन नगर व वैशाली से नोएडा सेक्टर-62 के लिए मांग

**गाजियाबाद न्यूज।** वैशाली से मोहन नगर और नोएडा सेक्टर-62 से मोहन नगर तक मेट्रो विस्तार की मांग को लेकर शनिवार को 14 किलोमीटर पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में विभिन्न समिति के पदाधिकारियों के साथ आरडब्ल्यूए और एओए पदाधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

मेट्रो रेल विस्तार संघर्ष समिति गाजियाबाद के बैनर तले सफाई मुहीम, सफाई एक्सप्रेस, वरिष्ठ नागरिक समाज, डॉ भीमराव आंबेडकर जन कल्याण समिति, गाजियाबाद व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन गाजियाबाद, पुरबिया विकास मंच, एओए फेडरेशन एवं विभिन्न सोसाइटियों के आरडब्ल्यूए के सैकड़ों पदाधिकारियों ने 14 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली। पदयात्रा वैशाली मेट्रो स्टेशन और शांति गोपाल अस्पताल इंदिरापुरम से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पूरी की गई। पदयात्रा में वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम, राजेंद्र नगर, अर्थला, साहिबाबाद गांव और टीएचए के विभिन्न इलाकों के नागरिकों ने भाग लिया। पदयात्रा शुरू होने के बाद जगह-जगह लोग जुड़ते चले गए। इस दौरान एसडीएम गंभीर सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अमित किशोर ने कहा कि वैशाली मेट्रो, मोहन नगर मेट्रो और नोएडा मेट्रो को आपस में जोड़ने की मांग जनता की सालों पुरानी मांग है। चुनाव में बार-बार वायदा करने के बावजूद भी जनप्रतिनिधि और सरकार इस और ध्यान नहीं दे रही है, जिस के कारण जनता में गहरा आक्रोश है। गिरीश शर्मा ने कहा कि सरकार का बहाना कि उसके पास बजट नहीं है एक कोरी बकवास है। सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश का विकास होने एवं उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पहले से कई गुना सुदृढ़ होने का विज्ञापन बार-बार अखबार में निकाला जाता है। इसका मतलब है कि सरकार का खजाना भरा हुआ है और सरकार सिर्फ टालमटोल कर रही है। जनता के आंदोलन निश्चित रूप असर होगा और सरकार मेट्रो निर्माण कराने को बाध्य होगी। पदयात्रा करने वालों में संतोष शर्मा, नितिन भरद्वाज, राजेश गुप्ता, भूपेंद्र नाथ, नर्गिस, इमरान खान, सुनील ओझा, सत्येंद्र बरनवाल, अमित चंद्र प्रभाकर, चंद्रशेखर शर्मा, आरसी प्रेमी, महेश गौतम, अवनीश झा, अलोक कुमार, सुदीप सिंह, पीके अरोड़ा, भूपेंद्र सिंह, मधुसूदन, शैली सिंह, अवधेश शर्मा, साधना शर्मा, बीसी जोशी, टिल्लू पंडित, दीप सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।



# अब शहर के सभी बाजारों से रोजाना उठाया जाएगा कूड़ा

**गाजियाबाद न्यूज।** नगर निगम शहर के सभी बाजार से कूड़ा उठान कराएगा। इसके लिए एक सितंबर से निगम की गाड़ियां कूड़ा लेने प्रतिष्ठानों पर जाएंगी। पहले चरण में 30 गाड़ियां चलाई जा रही हैं। इसके बाद 70 और गाड़ियों से कूड़ा उठाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि बाजार साफ और सुथरे रहें। नियमित रूप से रोजाना शाम चार से रात दस बजे तक कूड़ा उठान होगा। निगम अभी तक शहर के 100 वार्डों के आवासीय क्षेत्र से घरों से कूड़े का उठान करा रहा है। इसके लिए करीब 500 गाड़ियां चल रही हैं। यह व्यवस्था निगम अब सभी बाजारों में भी शुरू करने जा रहा है। एक सितबंर से शाम चार से रात दस बजे तक कूड़ा उठाने के लिए गाड़ियां जाएंगी। दुकानदार सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग डालेंगे। इसके बाद बाजार साफ और सुथरे रहेंगे। बाजार की सड़कों पर कूड़ा दिखाई नहीं देगा। अभी तक बाजार से कूड़ा उठान नहीं होने से वह सड़कों के किनारे पड़ा रहता था। ऐसे में सुबह के वक्त बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को गदंगी देख परेशानी होती थी। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया सभी प्रतिष्ठानों का कचरा प्रतिदिन गाड़ी के माध्यम से उठाया जाएगा। व्यापारी गीला और सूखा कचरा अलग करके डस्टबिन में रखें और गाड़ी में भी अलग करके डालें। ऐसा होने से कचरे का इस्तेमाल किया जा सकेगा।



## सूखा-गीले कूड़े का इस्तेमाल किया जाएगा

शहर से रोजाना 1200 मीट्रिक टन कूड़ा निकल रहा है। इसका निस्तारण करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। कूड़ा निस्तारण आसानी से हो सके इसके लिए सूखा और गीला कूड़ा अलग किया जा रहा है। गीले कूड़े से खाद तैयार होगी। सूखे कूड़े को रिसाइकिल किया जाएगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया बाजार से कूड़ा उठान शुरू होने के बाद निगरानी बढ़ाई जाएगी। किसी दुकानदार ने कूड़ा यदि सड़क किनारे फेंका तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। 500 रुपये से लेकर एक हजार रुपये जुर्माना लगेगा, इसलिए दुकानदारों से अपील है कि वह कूड़ा गाड़ी में डालें।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश कुमार ने बताया इस व्यवस्था का लाभ रेस्टोरेंट संचालक भी उठा सकेंगे। जिस संस्थान या प्रतिष्ठान से 100 किलो से ज्यादा कूड़े निकल रहा होगा उसे नहीं लिया जाएगा। उसका निस्तारण निगम नहीं करेगा। पहले चरण में 30 गाड़ियां चलाई जा रही हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या 100 होगी जाएगी। दुकानदारों से कूड़ा शुल्क भी लिया जाएगा।

# दलितों को उनके अधिकार दिलाने में सहयोग करें अधिकारी: धीरेंद्र कुमार वाल्मीकि

**गाजियाबाद न्यूज।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति एवं राज्य स्तरीय निगरानी समिति स्वच्छकार विमुक्ति एवं पुर्नवासन अधिनियम-2013 एमएस एक्ट के सदस्य धीरेंद्र कुमार वाल्मीकि ने कहा कि स्वच्छकारों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है, जो स्वयं आभाव में रहकर समाज को स्वच्छता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कोरोना काल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य अगर डॉक्टरों द्वारा किया गया है तो उतना ही महत्वपूर्ण योगदान स्वच्छकरो द्वारा समाज के लिए किया गया है। अतः किसी भी प्रकार का भेदभाव समाज, वर्ग या व्यक्ति विशेष से उनके प्रति उपेक्षित नहीं किया जा सकता। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से आह्वान किया कि स्वच्छकारों को मौलिक हक एवं सुविधाएं दिलाने में अधिकारियों को अपना संपूर्ण योगदान देना चाहिए।

स्वच्छकार समुदाय के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। क्योंकि उनके द्वारा समाज को दिया हुआ उपकर्म का कुछ तो प्रतिफल उन्हें



मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास के लिए प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की शुरुआत हुई है। योजना में जनपद की पंचायतों को सशक्त करने का फैसला लिया गया है साथ ही योजना में चयनित ग्राम पंचायतों को 20-20 लाख रुपये विकास कार्य के लिए प्रदान किए गए हैं। जिसमें गांव में रोड, सोलर, नाली, शौचालय, प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प, पेयजल, बिजली आदि तरह के विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र जिनमें 50 फिसद की संख्या दलित वर्ग की है। उन गांवों को चिन्हित करते हुए अंतिम व्यक्ति को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर साकार करने की मंशा के अनुरूप प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य, सड़क, चिकित्सा, बेसिक शिक्षा आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार की योजनाओं को अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार के लक्ष्य को सफल बनाते हुए लगातार दलितों को सम्मानजनक जीवन निर्वहन करने का संकल्प लेकर निरंतर प्रयासरत है।

धीरेंद्र कुमार वाल्मीकि ने कहा कि स्वच्छकारों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है, जो स्वयं आभाव में रहकर समाज को स्वच्छता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कोरोना काल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य अगर डॉक्टरों द्वारा किया गया है तो उतना ही महत्वपूर्ण योगदान स्वच्छकरो द्वारा समाज के लिए किया गया है। अत: किसी भी प्रकार का भेदभाव समाज, वर्ग या व्यक्ति विशेष से उनके प्रति उपेक्षित नहीं किया जा सकता।

## अधिकारी दिलाएंगे बच्चों को एडमिशन

**गाजियाबाद।** जिला गाजियाबाद में करीब तीन हजार से ज्यादा गरीब बच्चे राइट टू एजुकेशन के तहत स्कूलों में एडमिशन पाने से वंचित हैं। जिले के 35 प्राइवेट स्कूल ऐसे हैं जो सरकार और अफसरों के तमाम पत्रों को दरकिनार करते हुए एडमिशन नहीं ले रहे। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एडमिशन सुनिश्चित कराने के लिए अफसरों की टीम बना दी है। अपर नगर मजिस्ट्रेट चंद्रेश कुमार को 12 और शाल्वी गुप्ता को 9 स्कूल, SDM सदर विनय कुमार को 4 स्कूल और सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह को 10 स्कूल आवंटित किए गए हैं। DM ने कहा है कि ये अधिकारी 20 अगस्त से इन स्कूलों में जाकर प्रबंधन पर दबाव बनाकर RTE के तहत चयनित बच्चों का एडमिशन सुनिश्चित कराएंगे। गाजियाबाद में RTE के तहत कुल 5067 बच्चों का चयन हुआ। ज्यादातर बच्चों के पेरेंट्स नामचीन स्कूलों में एडमिशन चाहते थे। इसलिए नामचीन स्कूलों की सीटें फुल हो गईं। बाकी कुछ स्कूल ऐसे रह गए, जहां सीटें खाली हैं, लेकिन एडमिशन लेने वाला कोई नहीं है। जबकि 35 स्कूल ऐसे हैं, जो सीट खाली होने के बावजूद एडमिशन नहीं कर रहे हैं। जिला प्रशासन की तरफ से ऐसे स्कूलों को कई बार मान्यता रद करने की चेतावनी दी जा चुकी है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना पर मडराया बजट का संकट

गाजियाबाद। गाजियाबाद। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पर बजट की कमी की मार पड़ रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार से इस योजना के तहत जीडीए को 87.40 करोड़ की बजाए महज 20 करोड़ रुपए मिल पाए हैं। ऐसे में पीएम आवास योजना के तहत निर्धारित भवनों का निर्माण निकट भविष्य में पूरा होना संभव नजर नहीं आ रहा है।

उप्र सरकार ने पीएम आवास योजना में प्रस्तावित भवनों का निर्माण कार्य 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) को दिए हैं। मधुबन-बापूधाम योजना में बनाए गए 856 ईडब्ल्यूएस भवनों पर भी आवंटियों को जल्द कब्जा देने के आदेश दिए गए हैं। इसी क्रम में जीडीए सचिव बृजेश कुमार मुख्य अभियंता राकेश कुमार गुप्ता समेत अन्य अफसरों के साथ निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। शहर में जीडीए द्वारा पीएम आवास योजना के तहत कुल 3496 भवनों का निर्माण करना है। निजी बिल्डरों द्वारा 7,354 भवनों का निर्माण करना है।

जीडीए और बिल्डरों को मिलाकर कुल 10,850 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण किया जाना हैं। जीडीए द्वारा फिलहाल योजना के तहत 240 ईडब्ल्यूएस भवनों का ही निर्माण पूरा कर लिया है। मधुबन-बापूधाम योजना में 856 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण भी अब जल्द पूरा होगा। जीडीए के चीफ इंजीनियर राकेश कुमार गुप्ता का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मधुबन-बापूधाम योजना में 856 ईडब्ल्यूएस भवनों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका हैं। उम्मीद है कि जनवरी-2023 में इन भवनों का आवंटियों का एक साथ कब्जा दिया जाए।

## इंदिरापुरम कराटे स्कूल ने जीता सर्वश्रेष्ठ कराटे टीम का खिताब, 11 टीमों के 250 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**गाजियाबादन्यूज।** सिद्धार्थ विहार गाजियाबाद में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में गाजियाबाद डिस्टिक स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन और यूनाइटेड कराटे फाउन्डेशन इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से इंटर स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया।



गाजियाबाद डिस्टिक स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष शिदोशी अनिल कौशिक और महासचिव पुष्पेंद्र सिंह रावत ने बताया है कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 11 टीमों के 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया तथा सब जूनियर, कैडेट, जूनियर तथा सीनियर वर्ग में विभिन्न आयु व भार वर्ग में प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय शूटर अर्जुन लक्ष्मण शौर्य अवॉर्डी सतीन्द्र कुमार कराटे एसोसिएशन इंडिया के महासचिव रजनेश चौधरी, उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के महासचिव अमित गुप्ता ने शुभकामनाएं देते हुए विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। रेफरी पैनल की भूमिका दिनेश सिंह, कृष्ण रावत, तरुण शर्मा, सचिन त्यागी, नरेंद्र सिंह, संदीप श्रीवास्तव, अब्दुल करीम ने निभाई। इसी प्रतियोगिता में इंदिरापुरम कराटे स्कूल के 25 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और 11 गोल्ड 6 सिल्वर 8 ब्रोंज मेडल कराटे के कुमिते फाईट इवेंट में जीते। कुमिते इवेंट में अवनी सिंह, अदविक गोयनका, अनन्या नेगी, युवानिल सिंह, डॉली शर्मा, आध्या भंडारी, सलोनी सक्सेना, निकिता सिंह, मोक्ष बालियान, अरनव त्यागी और अभिनव सिंह ने गोल्ड मेडल जीता। धैर्य ममगई, पार्थ गुप्ता, तनीषा गुप्ता, तनीशी कठोर, कृष्णा चौहान, शानवी चौधरी, शिरीष गोरला, रुद्रांश जुगरान और सिद्धार्थ प्रजापति ने सिल्वर मेडल जीता। अनुराग मन्ना तथा शिवाय श्रीवास्तव ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अलावा 4 खिलाड़ियों अग्रिम अरोड़ा, दैविक गोयल, आध्या भंडारी और सलोनी सक्सेना ने कराटे के काता इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। इसी के साथ इंदिरापुरम काटे स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक गोल्ड मेडल जीतने के साथ सर्वश्रेष्ठ कराटे टीम का अवार्ड जीता।

## हिंडन नदी के तीसरे पुल पर जल्द भर्राटा भरेंगे वाहन

### 22 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है पुल

**गाजियाबाद।** हिंडन नदी पर तीसरे पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस पुल को 15 सितंबर से लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। दो साल से निर्माणाधीन इस पुल पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाने के बाद गाजियाबाद से मोहननगर, अप्सरा बॉर्डर, वजीराबाद बॉर्डर और साहिबाबाद की ओर जाने वाले वाहन चालकों को जाम से निजात मिल जाएगी। इस पुल के निर्माण पर जीडीए ने 22 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

जीडीए की ओर से की गई फंडिंग पर सेतु निगम की ओर से हिंडन नदी पर 7.50 मीटर चौड़े नए पुल का निर्माण किया गया है। 176 मीटर लंबा यह पुल तीन लेन का होगा और इससे वाहनों को आवागमन में सुगमता होगी।

फंड के अभाव में पुल निर्माण का काम कई बार रुका था। जीडीए के मुख्य अभियंता राकेश कुमार गुप्ता का कहना है कि अब पुल का काम पूरा हो चुका है। फिनिशिंग और पेंटिंग का काम चल रहा है। हिंडन नदी पर अंग्रेजों के जमाने का बना पुल वर्ष 2017 में टूट गया था। इसके बाद इसे बंद कर दिया गया था।

### 50 हजार से ज्यादा वाहन चालकों को मिलेगी राहत

जीटी रोड पर गाजियाबाद से मोहननगर की ओर रोजाना करीब 50 हजार वाहन गुजरते हैं। मार्ग पर वाहनों काअधिक दबाव देखते हुए ही पुराने ऐतिहासिक जर्जर पुल को तोड़कर नए पुल का निर्माण कार्य कराया गया है।

2017 से बंद तीसरे पुल की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी सुबह शाम कार्यालय जाने व आने के समय वाहन चालकों को उठानी पड़ती है। पुल शुरू होने के बाद गाजियाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालकों को राहत मिल जाएगी। मौजूदा समय दिल्ली जाने के लिए केवल एक लेन का पुल है, जबकि वापसी में तीन लेन के दो पुल हैं, इसलिए लोगों को सुबह यहां पर जाम में फंसना पड़ता है,

### कांवड़ यात्रा के समय रुक गया था काम

प्राधिकरण की ओर से सेतु निगम को फंड जारी होने के बाद भी कांवड़ यात्रा केचलते काम रुक गया था। इस कारण से काम पूरा होने में 15 दिन देरी हो गई।

पहले इसे 15 अगस्त को शुरू किया जाना था, इसके बाद 15 की डेड लाइन और बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद काम पूरा नहीं हो पाया तो तीसरी बार डेड लाइन बढ़ाकर 15 सितंबर की जा चुकी है।

## नगर निगम ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण

**गाजियाबाद।** शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने कड़ा रूख अपना रखा है। इसके चलते बुधवार को सिटी जोन में विशेष अभियान चलाया गया। नासिरपुर गांव में 700 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया। इस भूमि पर बाउंड्रीवाल कर पक्का निर्माण कर लिया गया था। उधर, नगरायुक्त महेंद्र सिंह तंवर का कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ निरंतर कार्यवाही होती रहेगी। यह मुहिम कतई नहीं रूकेगी। नगरायुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल की टीम ने पुलिस की मदद से सिटी जोन में अभियान चलाया। सभी जोनल प्रभारी संपत्ति विभाग से समन्वय स्थापित कर संपत्ति की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे ताकि शहर में कहीं भी सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण ना हो।

*Editorial*

## Spirited battle: On AAP and the Delhi excise policy

The Central Bureau of Investigation (CBI) has accused Delhi Deputy Chief Minister Manish Sisodia and 14 others of corruption in the implementation of the Excise Policy 2021-22 in the National Capital Territory. On Friday, the agency searched Mr. Sisodia's house and also multiple locations in the country. Mr. Sisodia has said he expects the agency to arrest him soon. On July 21, Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena had recommended a CBI probe after the Chief Secretary of the Delhi government submitted a report alleging "ulterior motive of monetary gains" on the part of the accused in the implementation of the new policy, which the Delhi government then withdrew. The controversial policy which was rolled out on November 17, 2021 had privatised and liberalised the liquor trade, with the Aam Aadmi Party government projecting a revenue increase of 9,500 crore. The report has accused Mr. Sisodia of "deliberate and gross procedural lapses" to give "undue benefits to liquor licensees" through the policy, and receiving kickbacks through clandestine routes, which the CBI is probing. AAP has claimed that the new policy made the liquor trade more beneficial for the public exchequer and consumers. The merits of the case remain a subject matter of investigation, but hardly anyone expects the CBI to be impartial. The agency has been blatantly misused by the BJP and the Centre to target political opponents and States run by the Opposition. The BJP has been successful in putting its opponents on the defensive through CBI and ED investigations on a regular basis. The irony in this instance is that AAP has been a votary of strong central laws and central institutions to combat corruption, having transformed itself into a political party after beginning as an anti-corruption campaign platform.

(Dr. Dheeraj Kumar Bhargava)

## With no Bumrah India bowling attack becomes weak, but with no Shaheen Afridi Pakistan







Like India, Pakistan too lost their star pacer to an injury ahead of the impending Asia Cup 2022 tournament in the UAE. On Saturday, Shaheen Afridi was ruled out of the entire tournament owing to a knee injury he had suffered during the Test match against Sri Lanka. India too had earlier lost Jasprit Bumrah owing to injury. Following the big news for Pakistan, former fast bowler Aaqib Javed made a big statement comparing the situations and the impact of these players on their respective teams.

Speaking to Paktv.tv, Javed reiterated Pakistan legend Waqar Younis' words, opining that Shaheen's injury will come as a huge relief to the Indian team owing to his ability with new ball. The World Cup-winning pacer explained that with India having such a strong batting line-up, getting early wickets with the new ball will be the key with Shaheen had shown in 2021 T20 World Cup meeting while Mohammed Amir had shown in the 2017 Champions Trophy final. "It is a huge setback for Pakistan. Because the way he bowls, even in T20 cricket, batters are left in a dilemma on whether they save themselves from an lbw or from betting bowled out. So there is a huge pressure on batters when Shaheen bowls. You need to good with the new ball, especially against India given how their middle-order batting line-up is, it will be difficult for Pakistan. The last two times Pakistan beat India - in Champions Trophy (2017 final) and last World Cup (2021 T20 WC), the pattern was similar - left-arm pacer puts the early pressure. So India will be very relieved. Nobody wants to face Shaheen with the new ball," he said. The veteran cricketer then weighed in on the situation comparing a Bumrah-less India and Shaheen-less Pakistan, saying that the latter depends a lot more on the fast bowler than India does on Bumrah, despite the side's bowling attack looking weak.

"With Bumrah no there Indian bowling attack has become weak. There is no Shami either. But the role Shaheen has in Pakistan bowling attack it shows that the team depend on him more than India depend on Bumrah," he said.




## Durand Cup | Mohammedan Sporting sails past Jamshedpur FC




Mohammedan Sporting sailed past a youthful Jamshedpur FC side 3-0 in a Group A league match to pick up its second successive win of the 131st edition of the Durand Cup, at Kishore Bharati Stadium on Sunday. Powered By M. Faslurahman, Abhishek Halder and Sheikh Faiaz found the target once each to help Mohammedan Sporting collect the full quota of points. The local side tallied six points to reach top of the current group standings and remained one of the favourites sides to claim a quarterfinal berth. Mohammedan Sporting dictated the pace of the action in the opening half and earned the goal off a corner in the 38th minute. Sheik Faiaz set a nice floater in the box that was met with a sharp header from the tall defender Sairuatkima. Jamshedpur goalkeeper Mohit Dhami managed to block the attempt but Faslurahman was lurking close by to nod the rebound home. The young Jamshedpur side made a determined bid to find the equalizer and came close in the 42nd minute when Vinil Poojary set up Lalruatmawia free inside the Mohammedan Sporting box. But the Jamshedpur forward failed to keep his shot on target and found the ball rebounding off the upright. Mohammedan Sporting came up with a greater resolve after the break and appeared to overwhelm the inexperienced boys of Jamshedpur FC's reserve team. Mohammedan Sporting doubled the lead in the 71st minute when substitute Abhishek Halder scored from a nice chip completely fooling Mohit Dhami, who was charging out to block the attempt. Faiaz took the match beyond the visitor's reach in the 74th when he slotted home a nice through pass from Marcus Joseph to complete the scoring process. Mohammedan Sporting 3 (M. Faslurahman 38, Abhishek Halder 71, Sheikh Faiaz 74) bt Jamshedpur FC 0.

# दिल्ली-जयपुर हाईवे पर लोगों को जाम से जल्द मिलेगी निजात

गुरुग्राम। लंबे इंतजार और जद्दोजहद के बाद आखिरकार दिल्ली-जयपुर हाईवे पर जाम के प्रमुख केंद्र कापड़ीवास मोड़ पर जाम से निजात की उम्मीद बंध गई है। दावा किया जा रहा है कि महज सात महीने के भीतर ही हजारों वाहन चालकों को राहत मिल जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस चौक (गुरुग्राम-रेवाड़ी की जिला सीमा) पर फ्लाईओवर का निर्माण शुरू कर दिया है। यहां बनने वाला फ्लाईओवर न केवल हाईवे से गुजरने वाले हजारों यात्रियों बल्कि धारूहेड़ा और भिवाड़ी के लाखों लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा।



यह फ्लाईओवर भिवाड़ी को दिल्ली-जयपुर से सीधे कनेक्ट करेगा। अभी तक भिवाड़ी से आने वाले वाहन धारूहेड़ा के बीच व्यस्त बाजार से होकर गुजरते थे, जिससे धारूहेड़ा में दिन भर जाम रहता था। अब ये वाहन भिवाड़ी मोड़ (शहर के बीच एक प्रमुख चौक) से सीधे एनएच 48 पर निकलेंगे। यहां श्री स्पेन का फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। फ्लाईओवर में प्रवेश और निकास के लिए तीन द्वार होंगे। ये स्पेन हर तरफ के ट्रैफिक को एक साथ बिना रुके मोड़ने में सक्षम होंगे। एनएचएआई ने इसके लिए अगस्त 2023 तक की समय सीमा निर्धारित की है, लेकिन अधिकारियों ने मार्च तक इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य कंपनी को दिया है।

कापड़ीवास मोड़ हैवी ट्रैफिक का मेन जंक्शन है। यहां आगरा-कानपुर और भिवाड़ी से आने वाला पूरा हैवी ट्रैफिक इसी चौक से हाईवे पर प्रवेश करता है और यहां से जयपुर और दिल्ली की ओर मुड़ता है। इसी कारण से यहां दिन भर जाम के हालात रहते हैं। इस हाईवे पर पहले ही हैवी ट्रैफिक है। इस जंक्शन के बाद हाईवे पर ट्रैफिक का लोड चार गुना बढ़ जाता है। फ्लाईओवर निर्माण के बाद यह लोड कम हो जाएगा। हाईवे की विभिन्न दिशाओं में जाने वाला ट्रैफिक अलग-अलग हिस्सों में बंट जाएगा। एनएचएआई भिवाड़ी से एनएच 48 की सीधी कनेक्टिविटी के लिए कापड़ीवास मोड़ पर फ्लाईओवर के साथ ही भिवाड़ी मोड़ से कापड़ीवास चौक तक 4.3 किलोमीटर लंबी छह लेन की सड़क का निर्माण भी कर रहा है। इस सड़क के जरिए राजस्थान और पंजाब के बड़े हिस्से से आने वाले वाहनों को कानपुर सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल की ओर निकाला जा सकेगा। इन हिस्सों से आने वाले वाहन राजस्थान और पंजाब की ओर आसानी से पहुंच सकेंगे। धारूहेड़ा और भिवाड़ी देश के बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में शुमार है। भिवाड़ी तो एमएसएमई इंडस्ट्री का हब है। जबकि धारूहेड़ा ऑटो और गारमेंट्स इंडस्ट्री का हब है। यहां हीरो मॉटो कॉर्प, सहगल पेपर्स, आमेक्स, जेकेएन जैसी नामी कंपनियां है। भिवाड़ी और धारूहेड़ा से लगते रेवाड़ी और बावल, निमराणा, खुशखेड़ा भी बड़े औद्योगिक क्षेत्र हैं।

**कापड़ीवास मोड फ्लाईओवर द्वारकाधीश रोड से एनएच 48 को कनेक्ट करेगा। धारूहेड़ा में हैवी ट्रैफिक से छुटकारा मिलेगा। अभी तक भिवाड़ी से एनएच 48 की कनेक्टिविटी नहीं थी। एनएचएआई इसके साथ ही भिवाड़ी चौक पर भी एक फ्लाईओवर बना रहा है, बीयूपी और सर्विस रोड भी बनेगा। मार्च तक प्रोजेक्ट पूरा कर देंगे।**
***- पीके कौशिक, परियोजना निदेशक एनएचएआई***

## 2020 से पूर्व पंजीकृत वाहनों की पेनाल्टी में मिलेगी छूट



**गाजियाबाद न्यूज।** परिवहन विभाग गाजियाबाद की ओर से एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत अप्रैल 2020 से पूर्व पंजीकृत वाहनों की पेनाल्टी में 100 फीसदी छूट प्रदान करेगा। इस योजना का लाभ लेने वाले वाहन स्वामी 26 अगस्त, 2022 तक 1000/- रुपये की रसीद जरूर कटवा लें। तिथि के उपरांत लोगों को छूट का लाभ नहीं मिल सकेगा। फिलहाल, पेनाल्टी में छूट 26 सितंबर, 2022 तक प्राप्त की जा सकती है।

## मेट्रो स्टेशन के रखरखाव और अतिक्रमण को लेकर डीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में डीएम राकेश कुमार की अध्यक्षता में मेट्रो स्टेशन के रखरखाव और अतिक्रमण के सम्बंध में अधिकारियों की बैठक हुई। डीएमआरसी अधिकारियों से स्वच्छता को लेकर जागरुकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि गाजियाबाद जिले के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी मेट्रो स्टेशनों के बाहर साफ-सफाई और अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर डीएमआरसी अधिकारियों के साथ मिलकर काम करें।




बैठक में कहा गया कि मेट्रो स्टेशनों के बाहर अवैध तरीके से खड़े होने वाले ऑटो, गंदगी या कूड़े के ढेर न लगे इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। एडीएम सिटी बिपिन कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रवेशद्वार कहे जाने वाले गाजियाबाद में मेट्रो दौड़ रही है। आनंद विहार से कौशांबी, वैशाली मेट्रो स्टेशन हैं जबकि दिलशाद गार्डन से नया बस अड्डा तक जितने भी मेट्रो स्टेशन हैं उन सभी पर विशेष रूप से सफाई के इंतजाम किए जाने चाहिए। यात्रियों की सुविधा के लिए अवैध अतिक्रमण को टीम बनाकर तुरंत हटाया जाए साथ ही शिफ्टवाइज चार्ट बनाकर सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि मेट्रो स्टेशन के बाहर सफाई व्यवस्था चकाचक रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य में कोई लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएमआरसी अधिकारियों से मेट्रो ट्रेन में स्वच्छता को लेकर जागरुकता अभियान के तहत जागरुक करने को कहा गया। इतना ही नहीं मेट्रो स्टेशनों में प्रवेश करने से पूर्व रखी गई डस्टबिन भी साफ रहनी चाहिए। कूड़ा-कचरा साफ होना चाहिए। यह कार्य सिर्फ दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी चलता रहना चाहिए क्योंकि मेट्रो में सफर करने वाले यात्री रात में भी आते हैं। इसलिए जब दिल्ली से गाजियाबाद या फिर गाजियाबाद से यात्री दिल्ली जाएं तो उन्हें लगे कि गाजियाबाद में सफाई व्यवस्था सबसे बेहतर है।

एडीएम सिटी ने मेट्रो स्टेशन के बाहर सौन्दर्यीकरण किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेट्रो स्टेशनों के बाहर और आस-पास उचित रख-रखाव, स्वच्छता बनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए जाएं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मेट्रो स्टेशनों के मुख्य द्वारों के सामने ऑटो रिक्शा को सुव्यवस्थित तरीके से खड़े करने के लिए व्यवस्था की जाए तथा किसी भी सूरत में स्टेशन का मार्ग अवरुद्ध न होने पाए।

उन्होंने डीएमआरसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेट्रो के यात्रियों को साफ-सफाई के लिए जागरूक करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाएं एवं पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से निरंतर इसका प्रचार-प्रसार करते रहें। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशु जैन, क्षेत्राधिकारी यातायात केएन0 पाण्डेय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मिथिलेश सिंह, जिला उद्यान अधिकारी निधि आदि मौजूद रहे।

# प्रोपर्टी खरीदना हुआ महंगा, छह साल में बढ़े जमीनों के सर्किल रेट



गाजियाबाद। शहर में संपत्ति खरीदना अब महंगा हो गया। छह साल बाद गाजियाबाद में जमीनों के सर्किल रेट में सात से 22 फीसदी बढ़ोतरी को डीएम की मंजूरी मंगलवार को मिल गई है। इसके बाद स्टांप विभाग की ओर से तैयार की गई सर्किल रेट की नई लिस्ट जारी कर दी गई है। बुधवार से इन नए सर्किल रेट को लागू किया जाएगा। सर्किल रेट में सबसे ज्यादा 20 से 22 फीसदी बढ़ोतरी एनएच-9 से सटी वेव सिटी और इसके आसपास की कॉलोनियों में की गई है। गाजियाबाद में 2016 के बाद से सर्किल रेट में बढ़ोतरी नहीं की गई थी। वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमण में हुए लॉकडाउन की वजह से सर्किल रेट में बढ़ोतरी नहीं की गई थी। इस साल स्टांप विभाग की ओर से सर्किल रेट में बढ़ोतरी करने के लिए नई दरें प्रस्तावित की गई थीं। इन पर आपत्तियां मांगी जाने और उनके निस्तारण के बाद मंगलवार को डीएम ने मंजूरी दे दी है।

एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि सर्किल रेट में सात से 22 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। उनका कहना है कि बीते छह साल में शहर की कई कॉलोनियों में जमीनों के रेट दोगुने हो चुके हैं, फिर भी इसका बात का ध्यान रखा गया है कि औसत वृद्धि 15 फीसदी से ज्यादा न हो।

### कृषि जमीन के भी बढ़े रेट

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और रैपिड रेल कॉरिडोर के आसपास बड़ी तेजी से कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। दुहाई क्षेत्र में विकसित हो रही नई कॉलोनियों में 12 हजार से बढ़कर जमीनों के रेट 20 से 25 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर हो गए हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और रैपिड रेल कॉरिडोर के निर्माण की वजह से डासना, मसूरी, मुरादनगर और मोदीनगर में भी जमीनों के रेट बढ़े हैं।
**अब इन क्षेत्रों में कृषि भूमि के सर्किल रेट भी बढ़ा दिए गए हैं।**

नेहरू नगर सेकेंड 39000 से 50000 रुपये 42900 से 54300 रुपये
नेहरू नगर थर्ड 39000 से 50000 रुपये 42900 से 54600 रुपये
नूरनगर-सद्दीकनगर 22000 से 30000 रुपये 25000 से 34000
आरडीसी आवासीय 53000 से 63000 रुपये 60000 से 72000

**पुरानी इन कॉलोनियों में सबसे ज्यादा हो सकती है बढ़ोतरी**

कॉलोनी वर्तमान सर्किल रेट/वर्गमी. प्रस्तावित दरें
कौशांबी 72500 से 90000 रुपये 82000 से 91000 रुपये
वैशाली 67500 से 81000 रुपये 77000 से 85000 रुपये
वसुंधरा 56500 से 70000 रुपये 64000 से 71000 रुपये
इंदिरापुरम 66500 से 80000 रुपये 75000 से 84000 रुपये
सूर्यनगर, चंद्रनगर 80000 से 96000 रुपये 77000 से 85000
कविनगर 46000 से 52000 रुपये 55200 से 62400 रुपये
गांधीनगर 46000 से 51000 रुपये 50600 से 52600 रुपये
दयानंद नगर 38000 से 41000 रुपये 41800 से 43800 रुपये
पंचवटी कॉलोनी 34000 से 42000 रुपये 37400 से 46000 रुपये
क्रॉसिंग रिपब्लिक 19000 से 23000 रुपये 22800 से 27600 रुपये

# बिग बॉस में अली गोनी को पसंद करने लगी थीं सोनाली फोगाट



**टीबीसी न्यूज।** बिग बॉस 14 की कंटेस्टेंट रहीं और एक्ट्रेस सोनाली फोगाट का सोमवार रात को गोवा में निधन हो गया। हार्ट अटैक की वजह से सोनाली इस दुनिया को छोड़कर चली गईं। सोनाली के जाने के बाद कई बिग बॉस कंटेस्टेंट्स ने उनको श्रद्धांजली दी है जिसमे अली गोनी और जैस्मिन भसीन भी शामिल हैं। बता दें कि बिग बॉस 14 में सोनाली काफी सुर्खियों में रही थीं। अली ने जहां सोशल मीडिया पर दिल टूटने वाला इमोजी पोस्ट किया है। वहीं जैस्मिन ने एक इंटरव्यू के दौरान सोनाली को लेकर बात की। इसके साथ ही जैस्मिन ने सोनाली की बेटी को लेकर भी चिंता जाहिर की है।

जैस्मिन ने कहा, 'ये बहुत ही दुखी कर देने वाली खबर है। वह काफी स्ट्रॉन्ग, स्वीट और शानदार इंसान थीं। वह हमेशा मुझपर प्यार और आर्शीवाद बरसाती थीं। ये उनके जाने का वक्त नहीं था। वह बहुत जल्दी हमें छोड़कर चली गईं।'

जैस्मिन ने कहा कि वह अब उनकी बेटी को लेकर परेशान हैं। उन्होंने कहा, 'सोनाली सिंगल पैरेंट थीं और उनकी बेटी यशोधरा की उम्र कम है। वह कैसे मैनेज करेगी। मैं उनके साथ टच में रहती थी। मुझे समय चाहिए समझने के लिए कि हुआ क्या।'बता दें कि जब सोनाली बिग बॉस में थीं तब उन्होंने अली से अपने दिल की बात कही थी। उन्होंने शो में अली को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर की थी ये जानते हुए भी कि वह जैस्मिन से प्यार करती हैं। सोनाली को इसके लिए ट्रोल भी किया गया था। हालांकि सोनाली ने फिर एक इंटरव्यू में कहा था कि मैंने बस अपनी दिल की बात कही। लेकिन मैं हैरान थी कि 21वीं सदी में लोगों की सोच कैसी है। मेरी फीलिंग्स बिल्कुल नेक थीं जो मैंने सबके सामने बिना डरे कही। किसी के साथ अपनी फीलिंग्स शेयर करना गलत नहीं है।

# फिक्सड डिपॉजिट करने पर मिलेगा 8.75% तक ब्याज



हआरबीआई (RBI) के रेपो रेट में बढ़ोतरी करने के बाद से कई नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (NBFC) ने एफडी (FD) के ब्याज दरों में इजाफा किया है। कई कंपनियों ने रेगुलर कस्टमर के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। आज हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों के बारे में जो वर्तमान में एफडी (FD) करने पर 8 पर्सेंट से लेकर 8.75 पर्सेंट तक का हाईएस्ट ब्याज दे रहे हैं।

**श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस दे रही 8.75 पर्सेंट का ब्याज**

इस महीने के 10 अगस्त को श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस ने फिक्सड डिपॉजिट (FD) की अपने ब्याज दरों को बढ़ा दिया है। अब श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस सामान्य नागरिकों को हाईएस्ट 8.25 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 8.75 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है। कंपनी यह ब्याज 5 साल के मैच्योरिटी के लिए किए गए एफडी (FD) पर ऑफर कर रहा है। साथ ही कंपनी वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य कस्टमर से 0.50 पर्सेंट ज्यादा का ब्याज दे रहा है।

**उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक दे रहा एफडी पर 8.25 पर्सेंट तक का ब्याज**

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भी अपने फिक्स्ड डिपॉजिट पर दिए जाने वाले ब्याज दरों को 12 अगस्त से बढ़ा दिया है। बैंक ने 700 दिनों से लेकर 5 साल तक के टेन्योर के लिए 2 करोड़ तक की मैच्योरिटी पर ब्याज दरों को बढ़ाया है। बैंक अब सामान्य नागरिकों को 7.50 पर्सेंट और वरिष्ठ नागरिकों को 75 बेसिस प्वाइंट अधिक यानी 8.25 पर्सेंट का ब्याज देगा। बैंक ने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी टेन्योर पर रेगुलर कस्टमर से 75 बेसिस प्वाइंट यानी 0.75 पर्सेंट का अतिरिक्त ब्याज मिलेगा।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**गाजियाबाद न्यूज।** लखनऊ के चौक स्टेडियम में हो रहे फर्स्ट सेंट्रल जोन उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो प्रतियोगिता में वसुंधरा एकेडमी के खिलाड़ियों ने स्वर्णिम जीत पाकर जनपद का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता 19 से 21 अगस्त तक चली। लखनऊ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर पुरस्कृत किया मुख्य कोच प्रेम सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों से 18 सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें सबसे पहले आदित्य रॉय ने 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पुष्कर शाही ने भी स्वर्णिम जीत को बरकरार रखकर अंडर-63 किलोग्राम भार वर्ग में बाजी मारी। देव राजपूत को 55 किग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पर कब्जा मिला जबकि चिराग गुप्ता को 54 किलोग्राम भार वर्ग और सूर्यांश मिश्रा ने 45 किग्रा भार वर्ग में तीसरे स्थान के लिए कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग से वृंदा त्यागी ने जूनियर अंडर-68 किलोग्राम भारवर्ग में, क्रिजल शुक्ला को अंडर-55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं 49 किलोग्राम भार में जिया सैनी को कांस्य पदक जीतने में सफलता मिली। बालक वर्ग की टीम के कोच वीरेंद्र सिंह नेगी और बालिकाओं के कोच रूशिल चौहान ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी। मुख्य कोच प्रेम सिंह बिष्ट ने खिलाड़ियों के जीत की बधाई दी है। उन्होंने सोमवार को एकेडमी में खिलाड़ियों का सम्मानित करने की बात कही है।

# आईटीएस कालेज में 12 वीं के छात्रों को सम्मानित किया

**गाजियाबाद न्यूज।** मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में रविवार को 12वीं कक्षा में 75 फिसदी और इससे ज्यादा अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करीब एक हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अरुणेंद्र कुमार, विपिन कुमार, आरपी चड्ढा, अर्पित चड्ढा शामिल हुए। विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए अरुणेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। क्रिकेटर पियूष चावला ने विद्यार्थियों को भविष्य मे आगे सफल होने के लिए मूल मंत्र सांझा किए। एडीएम सिटी विपिन कुमार ने विद्यार्थियों को कहा कि वह कभी भी कठिनाइयों से न डरें, हमेशा सकारात्मक सोच के साथ मुश्किलों का सामना करने से ही सफलता हासिल होती है। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आईटीएस कॉलेज के निदेशक पीआर सुरेंद्र सूद, यूजी कैंपस के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडे, उप प्रधानाचार्य नैंसी शर्मा शामिल रहें।

# 400 करोड़ का ऋण घोटाला, बैंक अफसरों पर कसा सात सुबूतों का शिकंजा

**टीबीसी न्यूज।** 400 करोड़ के ऋण घोटाले के मास्टरमाइंड लक्ष्य तंवर के खिलाफ तो पुलिस के पास सुबूतों की लंबी फेहरिस्त पहले से है। अब उसका साथ देने वाले बैंक अफसरों पर भी सुबूतों का शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने सात ऐसे साक्ष्य जुटाए हैं जो इस केस की सुनवाई में बेहद अहम साबित हो सकते हैं। इनमें फोरेंसिक जांच रिपोर्ट भी शामिल है। पुलिस की कोशिश जल्द ही और मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की है। अब तक दर्ज 45 केस में से 15 में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनमें बैंक अफसरों सहित 22 आरोपी हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में यह पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है कि लक्ष्य ने घोटाले का ताना-बाना बुना। बैंक के अफसरों ने इसमें उसका भरपूर सहयोग किया। इसी के साक्ष्य कोर्ट के सामने रखे गए हैं। मुख्य आरोपी लक्ष्य तंवर, पिता अशोक कुमार, बैंक अधिकारी प्रियदर्शनी, रामनाथ मिश्रा, उत्कर्ष कुमार और लक्ष्य के अन्य साथी वरुण त्यागी, शिवम, सुनील अरोड़ा, नरेश बग्गा, तुषार गोयल और सुमित को गिरफ्तार किया जा चुका है। बैंक अधिकारी तारिक हुसैन और संजय अभी फरार हैं। पांच आरोपी दक्ष बग्गा, विशेष बहल, सूरज कालरा, राजरानी कालरा और सुनील कुमार पर पुलिस ने 15-15 हजार का इनाम घोषित किया था। इनमें से पुलिस हाल में सुनील को गिरफ्तार कर चुकी है। चार इनामी फरार चल रहे हैं।

# मकान में संचालित अवैध फैक्ट्री में भीषण आग

**गाजियाबाद।** लालकुआं के मानसरोवर पार्क इलाके में रिहायशी मकान में अवैध तरीके से चल रही फैक्ट्री में बुधवार सुबह आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भूतल व प्रथम तल को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास रह रहे परिवारों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने फैक्ट्री के अगल-बगल रह रहे चार परिवारों को बाहर निकालकर आग पर काबू पाया। हालांकि जब तक आग बुझी, तब तक फैक्ट्री में लगी मशीनें तथा माल पूरी तरह जल चुका था।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मानसरोवर पार्क की गली नंबर-दो में खोड़ा निवासी राजेश सचान का मकान है। राजेश सचान व उनके दो बेटे रिहायशी इलाके में बने इस मकान में अवैध रूप से टेली बैग बनाने की फैक्ट्री चला रहे थे। सुबह आने के बाद काम निपटाकर तीनों लोग शाम को घर चले जाते थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े छह बजे फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया और मकान का भूतल व प्रथम तल आग की लपटों से घिर गया। लपटें उठती देख आसपास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने दमकल विभाग को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि टेली बैग बनाने की फैक्ट्री में केमिकल का इस्तेमाल होता था। जैसे ही केमिकल चपेट में आया, आग ने भीषण रूप से लिया। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली स्थित फायर स्टेशन से चार गाड़ियां भेज दी गईं।आसपास के परिवारों को निकालकर आग पर काबू पाया गया।

## प्रशासन को पत्र लिखेगा दमकल विभाग

**मुख्य अग्निशमन अधिकारी का आवासीय इलाके में अवैध रुप से फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। साथ ही उसमें आग से बचाव का कोई साधन नहीं था। अवैध रूप से चल रही फैक्ट्री में विस्फोट होने या आग की सूचना न मिलने पर बड़ा हादसा हो सकता था। इसी के चलते अवैध फैक्ट्री पर कार्रवाई के लिए प्रशासन को चिट्ठी लिखी जाएगी।**

मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे को फैक्ट्री के अगल-बगल बने मकानों में कुछ लोग अंदर ही थे। उधर आग फैलती जा रही थी, लिहाजा परिवारों को बाहर निकालने के बाद फैक्ट्री का गेट तोड़कर बचाव कार्य शुरू किया गया। करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है प्रथमदृष्ट्या शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा है। आग में लाखों रुपये के

# G-20 शिखर सम्मेलन के बाद होगा लुटियंस दिल्ली की सड़कों के सुंदरीकरण का कार्य होगा शुरू

**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली की सड़कों के सुंदरीकरण का कार्य टल गया है। अब यह कार्य जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के बाद ही होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन तक कार्य पूरा न होने की संभावना को देखते हुए एनडीएमसी ने इसे टाल दिया है।

वर्ष 2023 में जी -20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद ही कार्य को किया जाएगा, फिलहाल नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी में लगा है। ऐसे में जिन सड़कों की मरम्मत की आवश्यकता है उनकी मरम्मत कर रहा है। वन रोड -वन वीक (एक सप्ताह, एक सड़क) योजना के तहत सड़कों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जिससे उस समय वायु प्रदूषण की समस्या को कम किया जा सकें। एनडीएमसी की योजना थी कि कस्तूरबा गांधी मार्ग के साथ ही बाराखंभा रोड का सुंदरीकरण का कार्य किया जाना था। एनडीएमसी इसकी तैयारी भी कर रहा था, लेकिन विशेषज्ञों ने राय दी कि उक्त कार्य जी-20 शिखर सम्मेलन तक पूरा नहीं हो पाएगा। ऐसे में विदेश से जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आने वाले प्रतिनिधियों को खुदी हुई सड़कें देखने में अच्छी नहीं लगेगी।



इसलिए एनडीएमसी ने इस योजना को अगले वर्ष में दूसरी तिमाही तक के लिए टाल दिया है। एनडीएमसी के अनुसार योजना बररकार है बस जी-20 शिखर सम्मेलन के पूरा होने के बाद कार्य किया जाएगा। इसमें सड़क किनारे आधुनिक कियोस्क, स्ट्रीट फर्नीचर, पार्किंग सुविधा, स्मार्ट पोल और लोगों के बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन दिसंबर 2022 से शुरू होगा। मंडी हाउस गोलचक्कर की बड़ी समय-सीमास्वतंत्रता दिवस पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंडी हाउस गोलचक्कर नागरिकों के लिए समर्पित किया जाना था, लेकिन कार्य पूरा न होने की वजह से इसकी समय-सीमा बढ़ा दी गई है।

अब 30 सितंबर तक इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सबसे व्यस्ततम गोल चक्करों में से एक गोल चक्कर मंडी हाउस के हर दो सड़को के बीच में कियोस्क लगाने के साथ सीढ़ीनुमा आकार से सुंदरीकृत किया गया है। जिसमें स्ट्रीट फर्नीचर भी लगाया जाएगा। गोलचक्कर पर सिविल कार्य लगभग पूरा होने की ओर हैं। इसके बाद लाइटिंग की जाएगी और आकर्षक फूल वाले पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। मंडी हाउस गोलचक्कर सिंकदरा मार्ग से लेकर बाराखंबा मार्ग के जरिये कनाट प्लेस को जोड़ता है।

इस गोलचक्कर पर फिरोजशाह रोड के साथ ही कापरनिकस मार्ग जैसे प्रमुख छह रोड हैं। जिनका बड़ी संख्या में लोग उपयोग करते हैं। मंडी हाउस गोलचक्कर के पास राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) ललित कला अकादमी, त्रिवेणी कला संगम, श्रीराम सेंटर, एलटीजी सभागार, साहित्य अकादमी जैसे प्रमुख स्थान हैं। जिसमें बड़ी संख्या में कला एवं संस्कृति से जुड़े लोगों का जमावड़ा यहा आसपास रहता है। वह लोग कभी चाय और तो कभी खान पान के लिए आस-पास लगी दुकानों पर आते हैं।

## डिप्टी सीएम के नाम पर शराब मांगने वाला आबकारी इंस्पेक्टर पर गिरी

**गुरुग्राम।** आबकारी निरीक्षक संदीप लोहान को शासन ने मुख्यालय अटैच कर दिया है। आरोप है कि लोहान ने एक शराब ठेकेदार से डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नाम पर 15 साल पुरानी शराब मांगी थी। ठेकेदार द्वारा शराब न दिए जाने पर उसे जान बूझकर फर्जी मामले में फंसा दिया था। इस बारे में आबकारी एवं कराधान उपायुक्त की तरफ से बुधवार को ही आदेश जारी कर दिया गया है।

इस आदेश में उपायुक्त की तरफ से शराब इत्यादि मांगने का उल्लेख नहीं है, लेकिन माना जा रहा है पुरानी शराब मांगने की शिकायत पर ही यह कार्रवाई की गई है। सेक्टर-39 इलाके में लिकरलैंड के नाम से एक शराब की दुकान है। बताया जा रहा है कि आबकारी निरीक्षक संदीप लोहान उक्त शराब की दुकान के प्रबंधक धर्मेंद्र से डिप्टी सीएम के नाम पर 15 साल पुरानी शराब मांग रहे थे। धर्मेंद्र ने उनको शराब देने से इनकार कर दिया। इस पर वह पहले से ही कार्रवाई करने के मूड में थे।



इसी बीच 15 अगस्त को ड्राई डे होने पर शाम पांच बजे दुकान खुलने की बात कहते हुए उन्होंने उक्त शराब के ठेके के खिलाफ आबकारी अधिनियमों के तहत कार्रवाई कर दी। इसकी शिकायत ठेके के मैनेजर ने विभाग के उच्चाधिकारियों से की थी, जिस पर विभाग ने मामले की आंतरिक जांच कराने के बाद इंस्पेक्टर संदीप को मुख्यालय अटैच करने का आदेश जारी कर दिया गया।

## स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के नाम दिल्ली में बनेगा एक स्मारक बनेगाः एलजी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने शनिवार को राज निवास में आयोजित एक समारोह में स्वतंत्रता संग्राम में दिल्ली के गुमनाम अनसुने योद्धाओं की स्मृति में समर्पित दिल्ली इन द ऐरा आफ रिवोल्यूशनरीज, 1857-1947' पुस्तक का विमोचन किया।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप एवं आजादी के अमृत महोत्सव के इस काल में यह पुस्तक हमें दिल्ली के उन वीर और महान बेटों और बेटियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में किए गए योगदान की गाथा बताएगी जिन्होनें देश की आजादी के लिए अथक प्रयास किए तथा बलिदान दिए।

उपराज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास दिल्ली के हर आम निवासी की कहानी थी। इस समारोह में उन्होंने घोषणा की कि दिल्ली में जल्द ही स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों का एक स्मारक/संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों- पोते-पोतियों के बीच लोकार्पित की गई यह पुस्तक प्रसिद्ध लेखक डा भुवन लाल द्वारा लिखी गई है। इससे पहले उपराज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली में 16 प्रमुख डीडीए पार्कों को स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर समर्पित किया था। उपस्थित लोगों में लाला हरदयाल की 94 वर्षीय पोती, जनरल शाहनवाज खान की परपोती, दिल्ली से जुड़े अन्य प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के अलावा मुख्य सचिव नरेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने रेखांकित किया कि स्वतंत्रता के बाद की पीढ़ियां भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के कुछ बडे. नामों को ही जानकर बड़ी हुई हैं।सक्सेना ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों लोग ऐसे थे जिन्होंने अपने नाम और प्रसिद्धि के लिए नहीं बल्कि सिर्फ भारत की आजादी के लिए ही संघर्ष किया। भारत की आजादी के 75 साल को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व के दौरान इन गुमनाम नायकों को जानने और याद करने का यह उचित समय और सच्ची श्रृद्धांजलि है। उपराज्यपाल ने जोर देकर कहा कि हमारे समकालीन इतिहास में इन गुमनाम नायकों को उकेरने और लिपिबद्ध करने की जरूरत है ताकि भावी पीढ़ी इनके बारे में जान सके। लाखों अन्य वीरों के अलावा पुस्तक में वर्णित 16 स्वतंत्रता सेनानियों के साहस, वीरता और जुनून को याद करते हुए उपराज्यपाल ने दिल्ली के निवासियों से स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिबद्धता और समर्पण को आत्मसात करने तथा अमृत काल के अगले 25 वर्षों में राष्ट्र निर्माण के कार्य में आगे आने का आह्वान किया।

उन्होंने अपील की कि वे पहले दिल्ली को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें और फिर भारत को सबसे उन्नत देश बनाने के लिए खुद को समर्पित करें,जब हम 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष मना रहे हो तब देश विश्व के अग्रणी विकसित देशों में सबसे ऊपर हों। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली को वायु और जल प्रदूषण मुक्त बनाने, यमुना की सफाई, कचरे के पहाड़ों को समतल करना, शासन में सुधार और सभी के लिए आवास ऐसे लक्ष्य थे जिन पर काम शुरू हो चुका है और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की आवश्यकता है।

## गणेश चतुर्थी की तैयारियां तेज, मूर्तियों की साज-सज्जा में जुटे मूर्तिकार

गाजियाबाद न्यूज। दिल्ली-एनसीआर में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। गणेश चतुर्थी पर सबसे ज्यादा डिमांड भगवान गणेश की प्रतिमा की होती है। इसलिए दिल्ली के यमुना पार और अन्य इलाकों में मूर्तिकार मूर्तिया बनाने में लगे हैं। वहीं, एनसीआर में नोएडा और गाजियाबाद में भी गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां तेज हैं।

पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मूर्तियों की साज-सज्जा करने में जुटे मूर्तिकार गणपति बप्पा की मूर्तियों की साज सज्जा करने में जुट गए हैं। लोग पर्यावरण का ध्यान रखते हुए ईको फ्रेंडली मूर्तियों के आर्डर दे रहे हैं। गीता कालोनी स्थित नर्सरी झुग्गी निवासी मूर्तिकार अमर चित्रकार बताते हैं कि वह पिछले कई सालों से मूर्तियां बनाने का काम कर रहे हैं। वह पुरानी मिट्टी व बांस से मूर्तियां बनाते हैं।



उनका मानना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मूर्तियां मिट्टी की ही बननी चाहिए। क्योंकि मिट्टी की मूर्तियां थोड़े ही समय में पानी में घुल जाती हैं। पीओपी वाली रसायन युक्त मूर्तियां पानी को दूषित करती हैं और साथ ही जलीय जीव-जंतुओं को भी नुकसान पहुंचाती हैं।अमर ने बताया कि बीते दो सालों में कोरोना की वजह से मूर्तियों की मांग बहुत कम रही थी। कोरोना काल के दौरान छह से सात मूर्तियां ही बिक पाई थीं। इस साल घरों में गणपति स्थापित करने के लिए लोग उत्साहित हैं। इसके चलते मूर्तियों की मांग अधिक है। काफी आर्डर पहले ही प्राप्त हो चुके हैं।

**दो फीट से 12 फीट की मूर्तियों की मांग**

ग्राहकों की दो फीट से लेकर 12 फीट तक की मूर्तियों की मांग ज्यादा है। मूर्तिकार ने बताया कि एक मूर्ति बनाने में छह से सात दिन का समय लगता है। अब वक्त कम बचा है। कम समय में मांग के अनुरूप मूर्ति बनाकर दे पाना संभव नहीं है। इसलिए मूर्तियों के आर्डर लेना अब बंद कर दिया है।मूर्तिकारों ने बताया कि इस वर्ष महंगाई का असर गणेश जी की मूर्ति पर भी पड़ा है। यहां मिट्टी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। मूर्ति निर्माण में सहायक अन्य सामग्री के दाम में भी वृद्धि के चलते गणेश जी की प्रतिमा की कीमत इस साल बढ़ गई है।

**30 अगस्त से शुरू होगी गणेश चतुर्थी**

इस साल गणेश चतुर्थी तिथि 30 अगस्त को दोपहर 03 बजकर 33 मिनट से आरंभ होगी। दस दिन तक घरों, सोसायटी और मंदिरों में गणपति बप्पा को विराजमान किया जाएगा और विशेष पूजा अर्चना होगी। वहीं, 9 सितंबर को भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। दिल्ली एनसीआर में चारों तरफ 9 सितंबर को गणेश उत्सव की धूम रहेगी।

**यहां होगी विशेष पूजा अर्चना**

इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, साहिबाबाद, तुलसी निकेतन कालोनी, राजेंद्र नगर, लाजपत नगर, शालीमार गार्डन, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 और 2 में विशेष पूजा अर्चना होगी। वहीं, गाजियाबाद नगर निगम की ओर से मूर्तियों के विसर्जन के लिए अलग से घाट तैयार किया जाएगा। गणेश उत्सव से पहले इसमें पर्याप्त पानी छोड़ा जाएगा और साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाएगी।

## रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन का स्वास्थ्य विभाग के साथ बूस्टर डोज अभियान जारी

# चौथे शिविर में लोगों ने लगवाई बूस्टर डोज






**गाजियाबाद न्यूज।** रोटरी क्लब और आरएचएएम फांउडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन का बूस्टर डोज अभियान जारी है। चौथे दिन यानी मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित अलाइड निप्पॉन कंपनी में साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के नेतृत्व में शिविर लगा। जिसमें सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 350 से अधिक लोगों ने बूस्टर डोज लगवाई। रोटरी क्लब के साथ साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ आदित्य सिसोदिया, कंपनी के जीएम संजीव पन्नू और साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी चरणजीत सिंह ने संयुक्त रूप से शिविर की शुरुआत की।

डॉ सिसोदिया ने कहा कि रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन का बूस्टर डोज अभियान बेहद सराहनीय है। शिविर के माध्यम से लोगों में बूस्टर डोज के लिए जागरूकता भी आ रही है। चौथे दिन 350 से अधिक लोग बूस्टर डोज लगवाने के लिए पहुंचे। इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी चरणजीत सिंह ने भी रोटरी क्लब के इस अभियान की सराहना की और दूसरी संस्थाओं को इनसे प्रेरणा लेने की अपील की। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव ने कहा कि जब तक लोगों को शत प्रतिशत बूस्टर डोज नहीं लग जाती है उनका अभियान जारी रहेगा। कोरोना महामारी से लड़ने के लिए बूस्टर डोज कितनी कारगर है इसके महत्व लोगों को बताया जा रहा है। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव ने कहा कि बूस्टर डोज लगवाने में लोग थोड़ा कोताही बरत रहे हैं। लेकिन रोटरी क्लब की टीम ऐसे लोगों को बूस्टर डोज लगा रही है, जिन्होंने वैक्सीन की दोनों डोज लगवा ली हैं। शिविर में मौजूद चिकित्सक लोगों के सवालों के संतोष जनक जवाब भी देते हैं। वहीं, आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि रोटरी क्लब, स्वास्थ्य विभाग और साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सहयोग से बूस्टर डोज अभियान चल रहा है। इसमें गाजियाबाद सेंट्रल और दिल्ली ईस्ट एंड भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। डॉ भार्गव ने बताया कि चौथे दिन भी लोगों ने बूस्टर डोज लगवाने के लिए बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आगे भी उनका अभियान जारी रहेगा। जब तक देश से कोरोना महामारी का खात्मा नहीं हो जाता है तब तक रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग करेंगें। डॉ भार्गव ने चौथे दिन के सफल अभियान के लिए रोटरी क्लब, स्वास्थ्य विभाग और साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आभार जताया। इस मौके पर रो दयानंद शर्मा, रो अपूर्वराज, संजय, कुलदीप, सरोज, रविंद्र सिंह, संघप्रिया, गीता शर्मा, विक्रम, इंद्रेश सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## 50 करोड़ की लागत से बनेगा संक्रामक रोग चिकित्सालय




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में संक्रामक रोग चिकित्सालय बनेगा। जिला महिला अस्पताल के पुराने भवन को तोड़कर दो हजार वर्गमीटर जमीन पर 100 बेड का नया अस्पताल बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर करीब 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल होगा, जहां सिर्फ संक्रामक बीमारियों के मरीज भर्ती किए जाएंगे।20 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग के स्टेट सर्विलांस ऑफिसर डॉक्टर विकासेंदु अग्रवाल इस जमीन का निरीक्षण करने के लिए आए थे। जमीन फाइनल होने के बाद गाजियाबाद के स्वास्थ्य विभाग ने इस अस्पताल का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

**हर साल फैलने वाली संक्रामक बीमारियां**

उत्तर प्रदेश में छोटे और बड़े सरकारी अस्पतालों की संख्या करीब पौने छह हजार है। स्वास्थ्य महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, हर साल करीब 12 करोड़ मरीज इलाज के लिए इन सरकारी अस्पतालों में पहुंचते हैं। कुछ बीमारियां ऐसी हैं जो हर साल फैलती हैं। इसमें इन्सेफेलाइटिस, स्वाइन फ्लू, बर्ड फ्लू, पीलिया, डायरिया, डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां प्रमुख हैं।

अब कोरोना को भी महामारी घोषित कर दिया गया है। इन बीमारियों से हर साल बड़ी संख्या में मरीजों की जान जाती है। इन सबके बावजूद उत्तर प्रदेश में एक भी अस्पताल ऐसा नहीं है, जहां सिर्फ संक्रामक बीमारियों का इलाज होता हो। अब गाजियाबाद में ऐसा अस्पताल बनने जा रहा है। गाजियाबाद के 12 सरकारी अस्पतालों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। इसके लिए शासन ने बजट जारी कर दिया है। केंद्र सरकार की 'कैच द रेन योजना' के तहत रूफ टॉप पर इनका निर्माण होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोनी, मुरादनगर और डासना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर, त्यौड़ी, तलहैटा, फरीदनगर, पसौंडा और फरुखनगर के अलावा गाजियाबाद के तीन जिला अस्पताल इस योजना में शामिल किए गए हैं।


## रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने 100 लोगों को लगाई बूस्टर डोज

रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव ने कहा शिविर में बूस्टर डोज निशुल्क लगाई जा रही है। इसलिए जो लोग वैक्सीनेट हैं वह आकर बूस्टर डोज जरूर लगवाएं और कोरोना महामारी के खिलाफ जंग में अपना सहयोग करें।

बूस्टर डोज अभियान में निभाई मुख्य भूमिका

रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन के बूस्टर डोज अभियान में स्वास्थ्य विभाग, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी, गाजियाबाद सेंट्रल से रो प्रदीप गुप्ता और दिल्ली ईस्ट एंड से रो अशोक शर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर दो बार साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र पर बूस्टर डोज के लिए शिविर लगाया जा चुका है। अब सोमवार को तीसरी बार साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सहयोग से शिविर में 100 से अधिक लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी चरणजीत सिंह, रो दयानंद शर्मा, रो अपूर्वराज, रविंद्र सिंह, प्रेमलता, संघप्रिया, रागिनी राय, संगीता, गीता शर्मा रविंद्र, विक्रम, वंदना राय, प्रदीप कुमार, इंद्रेश सोलंकी आदि मौजूद रहे।

### कोरोना का खतरा होगा कम



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से बूस्टर डोज के लिए चौथा शिविर लगाया गया है। शिविर में लोगों को निशुल्क बूस्टर डोज लगाई जा रही है। दोनों संस्थाएं समाज के लिए अच्छा काम कर रही है। बूस्टर डोज लगने से कोरोना का खतरा काफी हद तक कम हो जाएगा। लोगों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और बूस्टर डोज में सहयोग करना चाहिए। इस तरह की सामाजिक संस्थाएं समय:समय पर स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग करती हैं।

*-डॉ आदित्य सिसोदिया, प्रभारी, सीएचसी साहिबाबाद*

### निशुल्क लगवाएं बूस्टर डोज



रोटरी क्लब और आरएचएएम का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक शत प्रतिशत लोगों को बूस्टर डोज नहीं लग जाती है। लोगों से बूस्टर डोज का कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा है। समाज के ऐसे लोगों से अपील है जिन्होंने दोनों डोज लगवा ली है वह बूस्टर डोज लगवाने के लिए कैंप में जरूर आएं।

*-रो कुनिका भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन*

### रोटरी क्लब का समाज के लिए अच्छा कदम



रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन का बूस्टर डोज अभियान बेहद सराहनीय है। इससे समाज के लोगों में जागरूकता आ रही है। दोनों सामाजिक संस्थाएं वैक्सीनेशन अभियान, टीबी से ग्रसित बच्चों को संतुलित आहार, सेनेटरी पैड वितरण आदि के माध्यम से समाज को लाभांवित कर रहे हैं। शहर की अन्य संस्थाओं को भी इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

*-रविंद्र सिंह, साहिबाबाद स्वास्थ्य केंद्र*

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor: Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in (RNI. No): UPBIL/2009/28691 Postal Registration No. UP/GBD80/2016- 18. Advertisement : Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at Plot No 516, Sector 12: Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.